क्रम संख्या–55

पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2024-2026

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

देहरादून, मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 ई0

भाद्रपद 03, 1948 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

श्रम अनुभाग

संख्या– 1115/VIII-1/2026–60(श्रम)2019

देहरादून, 25 अगस्त, 2026

अधिसूचना

चूंकि मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 67 के अधीन समुचित सरकार (राज्य सरकार) को उक्त संहिता के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तथा उक्त अधिनियम की धारा 67 की उपधारा (1) के अधीन पूर्व प्रकाशन की शर्तों के अधीन रहते हुए नियम बनाने की शक्ति प्राप्त है;

और चूंकि उक्त संहिता की धारा 67 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार "उत्तराखण्ड मजदूरी संहिता नियमावली, 2026" का प्रस्तावित प्रारूप श्रम अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या 329(1)/VIII-1/26–60(श्रम)/2019, दिनांक 17 मार्च, 2026 द्वारा पूर्व प्रकाशित किया गया था;

और चूंकि उक्त प्रारूप नियमावली के संबंध में जनसामान्य और हितधिकारियों के अभ्यावेदन एवं आपत्तियों पर राज्य सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है;

अतएव, अब राज्यपाल मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 67 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियमावली बनाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं; अर्थात्–

उत्तराखण्ड मजदूरी संहिता नियमावली, 2026

अध्याय–1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड मजदूरी संहिता नियमावली, 2026 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में होगा।

(3) यह राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषायें

2. (1) इस नियमावली में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "प्राधिकारी" से धारा 45 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ख) "अपीलीय प्राधिकारी" से धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन सरकार द्वारा नियुक्त अपीलीय प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ग) "अपील" से धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन की गई अपील अभिप्रेत है;

(घ) "बोर्ड" से धारा 42 की उपधारा (4) के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित राज्य सलाहकार बोर्ड अभिप्रेत है;

(ङ) "अध्यक्ष" से बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(च) "संहिता" से मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का 29) अभिप्रेत है;

(छ) "समिति" से धारा 8 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त समिति अभिप्रेत है;

(ज) "दिन" से मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाली 24 घंटे की अवधि अभिप्रेत है;

(झ) "परिवार" से, यथास्थिति, किसी कर्मचारी या किसी असंगठित कर्मकार के निम्नलिखित सभी या कोई नातेदार अभिप्रेत है, अर्थात्–

(क) पति/पत्नी;

(ख) अवयस्क धर्मज या दत्तक बालक, जो, यथास्थिति किसी कर्मचारी या किसी असंगठित कर्मचार पर आश्रित हो;

(ग) कोई बालक, जो यथास्थिति, किसी कर्मचारी या किसी असंगठित कर्मकार के उपार्जनों पर पूर्णतः आश्रित हो और जो–

(i) 21 वर्ष की आयु पूरी करने तक शिक्षा प्राप्त कर रहा हो; और

(ii) कोई अविवाहित पुत्री;

(घ) कोई बालक, जो शारीरिक या मानसिक अप्रसामान्यतः या क्षति के कारण शिथिलांग है और, यथास्थिति, किसी कर्मचारी या किसी असंगठित कर्मकार के उपार्जनों पर पूर्णतः आश्रित है, जब तक अंग शैथिल्य बना रहता है;

(ङ) आश्रित माता–पिता (जिसके अंतर्गत किसी महिला कर्मचारी के सास–ससुर भी है) जिनकी आय सभी स्रोतों से ऐसी आय से अधिक नहीं है जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए;

(च) यदि, यथास्थिति, कोई कर्मचारी या कोई असंगठित कर्मकार अविवाहित है और उसके माता–पिता जीवित नहीं हैं, तो बीमाकृत व्यक्ति के उपार्जनों पर पूर्ण रूप से आश्रित अवयस्क भाई या बहित;

(ञ) "प्रपत्र" से इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र अभिप्रेत है;

(ट) "धारा" से मजदूरी संहिता 2019 की धारा अभिप्रेत हैं;

(ठ) "निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता" से धारा 51 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना के द्वारा राज्य सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ड) "सदस्य" से बोर्ड/समिति/उपसमिति का सदस्य अभिप्रेत है;

(ढ) "भौगोलिक क्षेत्र" से वह क्षेत्र अभिप्रेत है, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया गया हो;

(ण) "जनसंख्या" से वह जनसंख्या जो पूर्व जनगणना में निर्धारित की गई है और जिसके संगत आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं, अभिप्रेत है;

(त) "रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ" से वह ट्रेड यूनियन जो व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 (1926 का अधिनियम संख्या 16) अथवा औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) जैसी स्थिति हो के अधीन रजिस्ट्रीकृत है, अभिप्रेत हैं;

(थ) "राज्य सरकार" से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत हैं;

(द) "अनुसूची" से इस नियमावली की अनुसूची अभिप्रेत हैं;

(ध) "अकुशल व्यवसाय" से वह व्यवसाय जिसमें केवल प्रचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता होती है और इसमें कोई अतिरिक्त कौशल सम्मिलित नहीं है, अभिप्रेत हैं;

(न) "अर्ध कुशल व्यवसाय" से वह व्यवसाय जिसमें इसके निष्पादन में कार्य अनुभव द्वारा प्राप्त कौशल का उपयोग अपेक्षित होता है और जिसका उपयोग कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में किया जा सकता है और इसमें अकुशल व्यवसाय का पर्यवेक्षण भी सम्मिलित हैं, अभिप्रेत हैं;

(प) "कुशल व्यवसाय" से वह व्यवसाय जिसमें तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रुप में प्रशिक्षण के माध्यम से अथवा ऐसे कार्य अनुभव जिसमें कौशल और योग्यता की आवश्यकता होती है और जिसके निष्पादन में पहल करने और निर्णय लेने की आवश्यकता होती हैं, अभिप्रेत हैं;

(फ) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" से वह व्यवसाय जिसमें इसके निष्पादन में विशिष्ट स्तर की उत्कृष्टता की आवश्यकता होती है और जिसके लिए व्यावसायिक व्यापारिक अनुभव या पर्याप्त अवधि के लिए तकनीकी अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित क्षमता अपेक्षित

होती है और साथ ही कर्मचारी से यह अपेक्षा होती है कि ऐसे व्यवसाय के निष्पादन में शामिल अपने मत या निर्णय के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करे, अभिप्रेत है;

(2) उन शब्दों और अभिव्यक्तियों के जो इसमें प्रयुक्त है और जिनको परिभाषित नहीं किया गया है उनके क्रमशः वही अर्थ होगें जो संहिता में हैं।

अध्याय–2

न्यूनतम मजदूरी

मजदूरी की न्यूनतम दर की गणना करने की रीति

3. (1) धारा 6 की उपधारा (5) के प्रयोजनार्थ, निम्नलिखित मापदंड को ध्यान में रखते हुए दैनिक आधार पर न्यूनतम मजदूरी नियत की जाएगी, अर्थात्:–

(क) मानक श्रमिक वर्ग परिवार जिसमें कमाने वाले कामगार के अलावा उसकी पत्नी या उसका पति और दो बच्चे शामिल है, जो तीन वयस्क उपभोग इकाइयों के समान है;

(ख) प्रतिदिन प्रति उपभोग इकाई हेतु कुल (शुद्ध सेवन) 2700 कैलोरी की खपत;

(ग) प्रति मानक श्रमिक वर्ग परिवार के लिए प्रति वर्ष 66 मीटर कपड़ा;

(घ) आवासीय किराया व्यय जो भोजन और वस्त्र व्यय का 10 प्रतिशत होगा;

(ङ) ईंधन, बिजली, और व्यय की अन्य विविध मदें जो न्यूनतम मजदूरी की 20 प्रतिशत होंगी;

(च) बच्चों की शिक्षा का व्यय, चिकित्सा आवश्यकताएं मनोरंजन और अन्य आकस्मिक व्यय, जो भोजन और वस्त्र व्यय का 25 प्रतिशत होगा,

(छ) अन्य मदें व कारक जो राज्य सलाहकार बोर्ड आवश्यक समझे।

(2) जब एक दिन के लिए मजदूरी की दर नियत की

जाती है, तब एक घंटे की दर नियत करने के लिए ऐसी राशि को आठ से विभाजित और एक महीने के लिए मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जाएगा, और ऐसे विभाजन और गुणा में आधे या आधे से अधिक गुणनखंड को अगले अंक में पूर्णांकित किया जाएगा और आधे से कम गुणनखंड को छोड़ दिया जाएगा। पांच दिन के कार्य सप्ताह के मामले में इस प्रकार परिकलित न्यूनतम मजदूरी की घंटा–वार का उपयोग उस दिन के लिए न्यूनतम मजदूरी के निर्धारण के लिए किया जाएगा।

(3) धारा 6 की उपधारा (6) के खण्ड (ख) के प्रयोजनार्थ कर्मकारों के ऐसे प्रवर्गों के लिए जैसे–तापमान या सामान्यतः नमी को सहन करने, परिसंकटमय उपजीविकाएं या प्रक्रियाएं अथवा भूमिगत कार्य में संलग्न कर्मकारों को विहित सामान्य मजदूरी दर के अलावा आधिक्य मजदूरी भी देय होगी जो समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी। परिसंकटमय उपजीविकाएं व प्रक्रियाएं वहीं होंगी, जो उपजीविकाजन्य, सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 में यथापरिभाषित हैं। अन्य संबंधित प्रक्रियाओं तथा हिम रेखा के संबंध में कार्य करने की दशाओं को निर्धारित करने हेतु एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, आपदा प्रबन्धन विभाग के नामित अधिकारी, अपर श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड तथा उप निदेशक, कारखाना, उत्तराखण्ड सम्मिलित रहेंगे जिसमें श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड अध्यक्ष होंगे।

मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करने के मानदंड़

4. (1) धारा 6 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दरें निर्धारित करते समय, राज्य सरकार निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेगी;

(i) भौगोलिक क्षेत्र,

(ii) रोजगार के क्षेत्र में अनुभव, और

(iii) अकुशल, अर्ध–कुशल और अत्यधिक कुशल की श्रेणियों के अंतर्गत कार्य करने के लिए अपेक्षित कौशल का स्तरः

परन्तु राज्य सरकार इस संहिता के अधीन राज्य सरकार के कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन और भत्ते निर्धारित नहीं करेगी।

(2) धारा 6 के अधीन राज्य सरकार कौशल वर्गीकरण, कार्य की कठिनता, जोखिमकारी व्यवसाय अथवा प्रक्रियाएं एवं भूमिगत कार्य और ऐसी अन्य कार्य–वर्गीकरण के संबंध में राज्य सरकार को सलाह देने के प्रयोजनार्थ एक तकनीकी समिति गठित करेगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे –

(i)	श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड	–	अध्यक्ष
(ii)	उप/संयुक्त सचिव, श्रम उत्तराखण्ड शासन	–	सदस्य
(iii)	संयुक्त/अपर श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड	–	सदस्य
(iv)	कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग का एक प्रतिनिधि (जो उप निदेशक के पद से निम्न न हो)	–	सदस्य
(v)	राज्य सरकार द्वारा यथा नाम–निर्देशित मजदूरी निर्धारण में दो तकनीकी विशेषज्ञ	–	सदस्य
(vi)	नियोजकों एवं ट्रेड यूनियन प्रत्येक के दो से अनधिक प्रतिनिधि	–	सदस्य

(3) राज्य सरकार, उपनियम (2) में संदर्भित तकनीकी समिति की सलाह पर, कर्मचारियों के व्यवसाय को अनुसूची 'क' में विनिर्दिष्ट व्यवसायों को संशोधित करके, हटाकर अथवा कोई भी प्रविष्टि जोड़कर चार वर्गों में अर्थात अकुशल, अर्धकुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल वर्गों में वर्गीकृत करेगी।

(4) उपनियम (2) में संदर्भित तकनीकी समिति उपनियम (3) के अधीन राज्य सरकार को सलाह देते समय यथासम्भव व्यवसायों के राष्ट्रीय वर्गीकरण अथवा राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचे अथवा व्यवसायों की पहचान करने के लिए तत्समय बनाये जा रहे अन्य समान ढांचे को ध्यान में रखेगी।

मंहगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए समय अंतराल

5. यह प्रयास किया जाएगा जिससे निर्वाह भत्ते की लागत और रियायती दर पर आवश्यक वस्तुओं के सम्बन्ध में रियायत के नकद मूल्य की गणना हर वर्ष एक बार 1 अप्रैल से पूर्व और पुनः 1 अक्टूबर से पूर्व न्यूनतम मजदूरी पर कर्मचारियों को देय मंहगाई भत्ते को संशोधित करने के लिए की जा सके।

धारा 10 के खण्ड (ii) के प्रयोजनार्थ मामले एवं परिस्थितियां

6. औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 या औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अन्तर्गत किसी स्थापन में लागू स्थायी आदेशों में अथवा समय–समय पर लागू किसी अन्य विधि में अन्यथा उपबंधित होने के सिवाय, कोई भी कर्मचारी पूर्ण सामान्य कार्य दिवस के लिए मजदूरी पाने का हकदार नहीं होगा, यदि काम में विफलता नियोक्ता द्वारा अपनाई गई उचित छंटनी के कारण होती हैं।

स्पष्टीकरण– उचित छंटनी के कारण से नियोक्ता द्वारा आग, प्राकृतिक आपदा, मशीनरी का खराब होना, बिजली आपूर्ति बंद होना, महामारी, नागरिक अशांति, अवैध हड़ताल, आर्डर की कमी या कोई अन्य व्यापारिक कारण या नियोक्ता के नियंत्रण के बाहर कोई अन्य समान या असमान कारणों से की गई छंटनी अभिप्रेत है ।

एक सामान्य कार्य दिवस के निर्धारण के लिए कार्य घंटों की संख्या

7. (1) धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन –

(i) किसी स्थापन/कारखाना/सरकारी स्थापन में किसी सप्ताह में किसी कर्मकार को अड़तालीस घण्टे और एक दिन में दस घण्टे से अधिक कार्य करने के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा और न ही उसे ऐसा करने की अनुमति दी जायेगी तथा किसी कर्मकार से निरंतर पांच घण्टे से अधिक कार्य करने के लिए तब तक नहीं कहा जाएगा, जब तक कि उसे आधे घण्टे से अधिक का विश्राम न दे दिया गया हो:

परन्तु अत्यावश्यक प्रकृति के कार्य की दशा में कार्य के घण्टे या साप्ताहिक विश्राम में निरीक्षक– सह–सुकरकर्ता की पूर्व अनुज्ञा से छूट दी जा सकेगी।

(ii) एक दिन में दस घण्टों या अधिक या किसी

सप्ताह में अड़तालीस घण्टों से अधिक किसी कार्य के घण्टों को अतिकालिक समझा जाएगा और अतिकालिक घण्टों की कुल संख्या तीन मास की अवधि में एक सौ चवालीस घंटे से अधिक नहीं होगी।

(2) किसी भी स्थापन में किसी पाली में कार्य के कुल घण्टों की संख्या, जिसके अन्तर्गत विश्राम अन्तराल भी है, बारह घण्टों से अधिक नहीं होगी।

(3) कृषि रोजगार में नियोजित कर्मचारी के मामले में उपनियम (1) और (2) के उपबन्ध राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित किए जाने वाले संशोधनों के अध्यधीन होंगे।

विश्राम का साप्ताहिक दिन

8. (1) इस नियम के उपबन्धों के अध्यधीन कर्मचारी को प्रत्येक सप्ताह एक दिन को विश्राम दिया जाएगा (इसके पश्चात् "विश्राम दिवस" के रुप में संदर्भित किया गया है) जो सामान्य रुप से रविवार होगा, लेकिन नियोक्ता सप्ताह के किसी भी अन्य दिन को किसी भी कर्मचारी अथवा कर्मचारियों की श्रेणी के लिए विश्राम दिवस नियत कर सकता है:

परन्तु यह कि छह दिन के कार्य सप्ताह में या छह दिनों से कम के कार्य सप्ताह जैसा भी मामला हो, ऐसे कर्मचारियों के लिए सप्ताह के शेष दिनों का भुगतान किया जाएगाः

परन्तु यह कि एक कर्मचारी इस उपनियम के तहत विश्राम दिनों के लिए हकदार होगा यदि उसने छह दिन के सप्ताह के मामले में एक ही नियोक्ता के अधीन कम से कम छह दिनों की निरंतर अवधि के लिए या छह दिन से कम कार्य सप्ताह के मामले में कार्य दिवसों की निर्धारित संख्या की निरंतर अवधि के लिए काम किया है, जैसा भी मामला होः

परन्तु यह और कि कर्मचारी को विश्राम दिवस के रुप में नियत दिन और बाद में विश्राम दिवस में परिवर्तन की सूचना परिवर्तन करने से पहले

निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता द्वारा इस सम्बन्ध में रोजगार के स्थान पर विनिर्दिष्ट स्थान पर सूचना प्रदर्शित करके दी जाएगी।

स्पष्टीकरण–इस उपनियम के दूसरे परन्तुक में निर्दिष्ट सप्ताह में कम से कम छह दिनों की निरंतर अवधि या कार्य दिवसों की निर्धारित संख्या की गणना के प्रयोजन के लिए,–

(क) किसी दिन जब कर्मचारी का कार्य करना अपेक्षित है किन्तु यदि उसे केवल उपस्थिति भत्ता दिया जाता है और उसे काम नहीं दिया जाता है,

(ख) किसी दिन जब कर्मचारी को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35), के अधीन प्रतिकर के भुगतान कर काम से हटा दिया जाता है, और

(ग) नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को छह दिनों की अवधि में या सप्ताह के निर्धारित कार्य दिवसों की संख्या के दौरान विश्राम दिवसों से ठीक पहले दी गई कोई भी छुट्टी या अवकाश चाहे वह वेतन सहित हो या बिना वेतन के उन दिनों के रूप में मानी जाएगी जिन दिनों कर्मचारी ने काम किया है।

(2) किसी भी ऐसे कर्मचारी को विश्राम दिवस पर काम करने के लिए बाध्य नहीं किया जायेगा या अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि वह विश्राम दिवस के तुरन्त पहले या बाद में सप्ताह के कार्यदिवसों में से किसी पूरे एक दिन का प्रतिस्थापित विश्राम दिवस न ले ले अथवा न ले:

परन्तु यह कि कोई भी प्रतिस्थापन नहीं किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरुप कर्मचारी को पूरे विश्राम दिवस के बिना 10 दिन काम करना पड़े।

(3) इस नियम के पूर्ववर्ती उपबन्धों के अनुसार जहां कोई भी कर्मचारी विश्राम दिवस पर काम करता है और उसे

विश्राम दिवस के पहले या बाद में किसी भी दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया जाता है तब काम के साप्ताहिक घंटों की गणना के प्रयोजनार्थ विश्राम दिवस को, उस सप्ताह में गिना जाएगा जिसमें प्रतिस्थापित विश्राम दिवस आया है।

(4) कर्मचारी को:

(क) विश्राम दिवस के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर पर परिकलित मजदूरी दी जाएगी; और

(ख) जहां पर वह विश्राम दिवस पर काम करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है तब उसे अतिकाल (over time) दर से और विश्राम दिन के लिए अगले पूर्ववर्ती दिन के लिए लागू दर से मजदूरी दी जाएगी:

परन्तु यह है कि जहां–

(i) संहिता के अधीन न्यूनतम कर्मचारी मजदूरी दर की गणना न्यूनतम दर मजदूरी की न्यूनतम मासिक दर को छब्बीस से विभाजित करके की जाती है; अथवा

(ii) कर्मचारी की मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर की गणना मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से विभाजित करके की जाती है और ऐसी मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर कर्मचारी की अधिसूचित न्यूनतम दैनिक दर से कम नहीं है, तब विश्राम दिवस के लिए कोई मजदूरी देय नहीं होगी; और

(iii) कर्मचारी ने विश्राम दिवस को काम किया है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है तब उसे केवल उसी विश्राम दिवस के लिए अतिकाल (over time)दर पर देय मजदूरी के बराबर राशि दी जाएगी जिस दिन उसने काम किया है और, यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है कि क्या इस उपबंध के उपबन्धों के अनुसार मजदूरी की दैनिक दर निकाली गई है, तब क्षेत्राधिकार रखने वाले सहायक श्रम आयुक्त या

उच्चतर अधिकारी इस सम्बन्ध में उन्हें किए गए आवेदन पर, सम्बन्धित पक्षों को अपने लिखित अभ्यावेदनों के लिए अवसर देने के पश्चात् उसके दिए गये आवेदन पर उसका निर्णय लेगाः

परन्तु यह कि यदि कोई कर्मचारी मात्रानुपाती कार्य की दर के आधार पर नियोजित है, तब विश्राम दिवस अथवा प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिए, यथास्थिति मजदूरी वह होगी जिसे राज्य सरकार उस रोजगार के संबंध में इस संहिता के अधीन नियत मजदूरी की न्यूनतम दर को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर निर्धारित करे।

स्पष्टीकरण–इस उपनियम में पूर्ववर्ती दिन से वह अंतिम दिन अभिप्रेत है, जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है, जो विश्राम दिवस या प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के पहले, यथास्थिति, आता है, और जहां प्रतिस्थापित विश्राम दिवस, विश्राम दिवस से तुरन्त अगले दिन आता है तब उससे ठीक पहले वाला पूर्ववर्ती दिन से वह अंतिम दिन अभिप्रेत होगा जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है और जो विश्राम दिवस के ठीक पहले आता हो।

(5) इस नियम के उपबन्ध अधिक अनुकूल शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव, यदि कोई है, नहीं डालेंगे, जिसमें कर्मचारी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा किसी पंचाट, अनुबंध अथवा सेवा की संविदा की शर्त के अधीन हकदार है, और ऐसी दशा में, कर्मचारी केवल पूर्वकथित अनुकूल शर्तों का हकदार होगा।

स्पष्टीकरण–इस नियम के प्रयोजनार्थ ''सप्ताह'' से शनिवार रात्रि की अर्ध–रात्रि से शुरु होकर सात दिन की अवधि, अभिप्रेत है।

रात्रि पाली

9. जहां पर कर्मचारी ऐसी रोजगार में पाली में काम करता है जो अर्ध–रात्रि के पश्चात् भी चलती है, तब–

(क) नियम 8 के प्रयोजनार्थ,इस माामले में पूर्ण विश्राम दिवस से,उसकी पाली समाप्त होने के समय से शुरु होकर लगातार चौबीस घंटे की अवधि, अभिप्रेत है; और

(ख) ऐसे मामले में अगला दिन ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से शुरु होकर चौबीस घंटे की अवधि का होगा, और अर्ध रात्रि के बाद के घंटों को, जिसके दौरान ऐसे कर्मचारी ने काम किया है, पूर्व दिवस में गिना जाएगा।

धारा 13 की उपधारा (2) के अधीन आकस्मिकता

10. नियम 7 के उपबंध ऐसे विस्तार और शर्तों के अधीन रहते हुए कर्मचारियों के निम्नलिखित प्रवर्गों के संबंध में लागू होगें – यदि कर्मचारी –

(क) ऐसी आपातस्थिति में कार्यरत है जिसका पूर्वानुमान नहीं किया जा सकता था या उसे रोका नहीं सकता था;

(ख) प्रारम्भिक या संपूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ है जिसे अनिवार्य रुप से सम्बन्धित रोजगार में सामान्य कार्य के लिए निर्धारित सीमाओं से बाहर करना आवश्यक है;

(ग) जिसका रोजगार अनिवार्य रुप से आंतरायिक है;

(घ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है जिसे तकनीकी कारणों से डयूटी समाप्त होने से पूर्व पूरा किया जाना है; और

(ङ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियंत्रित क्रिया पर निर्भर समय के सिवाय अन्य समय पर नहीं किया जा सकता है;

तब नियम 7, 8, और 9 के उपबन्ध इस शर्त के अध्यधीन लागू होंगे कि –

(i) कर्मचारी के कार्य के घंटों का विस्तार किसी भी कार्य दिवस को 12 घंटे से अधिक का नहीं होगा।

(ii) कर्मचारी के कार्य के वास्तविक घंटे, (विश्राम के समय अथवा कार्य के दौरान ऐसी अवधि)जिसमें कर्मचारी को कार्य/उपस्थिति दर्शाना अनिवार्य न हो को सम्मिलित करते हुए, 10 घंटे से अधिक नहीं होंगे।

लम्बी मजदूरी अवधि

11. धारा 14 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर के प्रयोजनार्थ लम्बी मजदूरी अवधि एक महीना होगी।

अध्याय–3
मजदूरी का भुगतान

धारा 18 की उपधारा (2) के खण्ड (च) के उपखण्ड (ii) के अधीन कटौती

12. राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए गठित किसी निधि से लिया गया ऋण और उसके संबंध में शोध्य ब्याज की वसूली हेतु कटौतियां राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देश अथवा परिपत्र के अध्यधीन होगी, जो ऐसे ऋण को स्वीकृत करने की सीमा तथा इन पर देय ब्याज दर को विनियमित करते हैं।

धारा 18 की उपधारा (4) के अधीन वसूली

13. जहां धारा 18 की उपधारा (2) के अधीन प्राधिकृत कुल कटौतियां कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक है, तब अतिरिक्त राशि को अग्रेनीत किया जाएगा और उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, यथास्थिति, से ऐसी किस्तों में वसूल की जाएगी कि किसी भी माह में वसूली उस माह में कर्मचारी की मजदूरी की पचास प्रतिशत से अधिक न हो।

धारा 19 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकारी

14. धारा 19 की उपधारा (1) के प्रयोजन हेतु सहायक श्रम आयुक्त एवं उच्च अधिकारी प्राधिकारी होगें।

धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन सूचना प्रदर्शित करने की रीति

15. धारा 19 की उपधारा (2) में संदर्भित सूचना को कार्य स्थल के परिसर में, जहां पर रोजगार किया जाता है, प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक सम्बन्धित कर्मचारी सूचना की विषय–वस्तु को आसानी से पढ़ सके, जो प्रपत्र 'क' में होगी और सूचना की एक प्रति संहिता की धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन प्राधिकार एवं क्षेत्राधिकार रखने वाले निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता के पास भेजी जाएगी।

धारा 19 की उपधारा (3) के अधीन कार्यविधि

16. (1) धारा 19 की उपधारा (3) के अनुसार नियोक्ता द्वारा संबंधित कर्मचारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या लिखित रूप में कर्मचारी द्वारा समझे जाने वाली भाषा में कारण बताओ नोटिस दिया जायेगा, जिसमें शास्ति लगाने का कारणों व कर्मचारी द्वारा किए गए कृत्यों और उपेक्षाओं

का विवरण निर्दिष्ट होगा, जो शास्ति अधिरोपित किए जाने के औचित्य सिद्ध करते हैं। कर्मचारी को अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने के लिए कम से कम 15 दिन का अवसर दिया जायेगा।

(2) कर्मचारी का पक्ष प्राप्त होने या पक्ष रखने हेतु निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात नियोक्ता शास्ति लगाने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उसमें विनिर्दिष्ट विस्तृत विवरणों की लिखित रुप में सूचना नियम 14 में उल्लिखित अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर दिया जायेगा। जो स्वीकृति को प्रदान या इंकार करने से पहले सम्बन्धित कर्मचारी और नियोक्ता को सुने जाने का अवसर प्रदान करेगा। स्वीकृति अथवा अस्वीकृति सम्बन्धी निर्णय उल्लिखित अधिकारी द्वारा नियोक्ता से सूचना प्राप्त होने के तीन सप्ताह की अवधि के भीतर किया जाएगा।

(3) नियम 14 में उल्लिखित अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त होने पर दोषी कर्मचारी पर शास्ति अधिरोपित किया जाएगा। ऐसी शास्ति अधिरोपण की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जायेगी।

कटौती की सूचना

17. (1) जब कोई नियोक्ता धारा 20 की उपधारा (2) के उपबंध के अनुसरण में, कोई कटौती करने का आशय रखता है, तो संबंधित कर्मचारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या लिखित रूप में कर्मचारी द्वारा समझे जाने वाली भाषा में कारण बताओ नोटिस दिया जायेगा, जिसमें कटौती का कारण, व पूर्ण विवरण निर्दिष्ट होगा, जो कटौती अधिरोपित किए जाने के औचित्य सिद्ध करते हैं। कर्मचारी को अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने के लिए कम से कम 15 दिन का अवसर दिया जायेगा। आरोप स्थापित होने पर, धारा 18 की उपधारा (3) के अनुसार कर्मचारी की मजदूरी से कटौती की जाएगी।

(2) यदि संबंधित कर्मचारी से 15 दिनों के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो नियोक्ता ऐसी कटौती करेगा और ऐसी कटौती की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जाएगी।

(3) नियोक्ता द्वारा ऐसी कटौती की तारीख से 10 दिनों के भीतर क्षेत्राधिकारिता वाले सहायक श्रम आयुक्त अथवा उच्च अधिकारी को देगा। अवैधानिक कटौती की स्थिति में सहायक श्रम आयुक्त अथवा उच्च अधिकारी संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए विधिसम्मत कार्यवाही करेगा।

धारा 21 की उपधारा (2) के अधीन कटौती की प्रक्रिया

18. (1) कोई नियोक्ता, जो धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन किसी कर्मचारी की मजदूरी से क्षति या हानि के लिए कटौती करने का आशय रखता है, नियोक्ता द्वारा संबंधित कर्मचारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या लिखित रूप में कर्मचारी द्वारा समझे जाने वाली भाषा में कारण बताओ नोटिस दिया जायेगा, जिसमें कर्मचारी को सौंपे गये माल की क्षति या हानि के मूल्य के संबंध में कारण दर्शाना होगा। कर्मचारी को अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने के लिए कम से कम 15 दिन का अवसर दिया जायेगाः

परन्तु यदि कटौती एक से अधिक कर्मचारी या कर्मकार की जाती है, तो कारण बताओ नोटिस को लिखित आदेश प्रत्येक कर्मचारी या कर्मकार को अलग–अलग सूचित किया जाएगा।

(2) आरोप स्थापित होने पर, धारा 18 की उपधारा (3) के अनुसार कर्मचारी की मजदूरी से कटौती की जाएगी।

(3) यदि संबंधित कर्मचारी से 15 दिनों के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो नियोक्ता कर्मचारी की मजदूरी से ऐसी कटौती करेगा और ऐसी कटौती की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जाएगी।

(4) कटौती के संबंध में नियोक्ता द्वारा कर्मचारी के समझे जाने वाली भाषा में आदेश किया जाएगा।

(5) नियोक्ता द्वारा ऐसी कटौती की तारीख से 10 दिनों के भीतर क्षेत्राधिकारिता वाले सहायक श्रम आयुक्त अथवा उच्च अधिकारी को देगा। अवैधानिक कटौती की स्थिति या नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया गया है तो कारण दर्ज करते हुए सहायक श्रम आयुक्त अथवा उच्च अधिकारी संबंधित

मामले की सुनवाई करते हुए विधिसम्मत कार्यवाही करेगा।

धारा 23 के अधीन अग्रिम वसूली के सम्बन्ध में शर्तें

19. किसी कर्मचारी को दिये गये धन के अग्रिम की वसूली के लिए कटौती, जैसा मामला हो–

(i) धारा 23 के खण्ड (ख) के अधीन नियोजन प्रारम्भ होने के पश्चात् कर्मचारी को दी गयी अग्रिम धनराशि; अथवा

(ii) किसी कर्मचारी का वेतन का अग्रिम जो उसने धारा 23 के खण्ड (ग) के अधीन अर्जित नहीं किया है, का भुगतान नियोक्ता द्वारा निर्धारित किश्तों में सम्बन्धित कर्मचारी के वेतन में नियोक्ता द्वारा किया जाएगा, ताकि कोई एक किश्त अथवा सभी किश्तें उस वेतन अवधि में कर्मचारी की वेतन अवधि में वेतन के पचास प्रतिशत से अधिक न हो तथा ऐसी वसूली का विवरण प्रपत्र–1 में रखे गए पंजिका में दर्ज किया जाएगा।

धारा 24 के अधीन कटौती

20. राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए स्वीकृत ऋणों ओर उन पर देय ब्याज की वसूली हेतु कटौतियां ऐसे ऋणों को स्वीकृत करने की सीमा तथा इन पर देय ब्याज दर को विनिमित करने वाले समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देश अथवा जारी परिपत्र के अध्यधीन होंगी।

अध्याय–4

राज्य सलाहकार बोर्ड

राज्य सलाहकार बोर्ड का स्वरूप एवं प्रक्रिया

21. (1) मजदूरी की न्यूनतम दरों के निर्धारण एवं पुनरीक्षण के मामलों में राज्य सरकार को सलाह देने के उद्देश्य से एवं सलाहकार बोर्डों के कार्यों के समन्वय के लिये राज्य सरकार, राज्य सलाहकार बोर्ड की गठन करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा बोर्ड में अनुसूचित नियोजनों के नियोजकों एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधि नामनिर्देशित किए जाएंगे जैसा कि संहिता की धारा 42 की उपधारा

(6) के खण्ड (क) एवं खण्ड (ख) में उल्लेख है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संहिता की धारा 42 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) के अनुरूप स्वतंत्र व्यक्तियों को नामित किया जाएगा।

(3) धारा 42 की उपधारा (6) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों की संख्या 6 से कम नहीं होगी। इसी प्रकार उस उपधारा की खण्ड (ख) में निदिष्ट कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या 6 से कम नहीं होगी।

(4) राज्य सरकार द्वारा संहिता की धारा 42 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) के अधीन नामनिर्देशित स्वतंत्र व्यक्ति निम्नवत् होगें:–

(i) प्रमुख सचिव/सचिव, श्रम पदेन – अध्यक्ष

(ii) श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड पदेन – सदस्य सचिव

(iii) 04 अन्य सदस्य राज्य सरकार द्वारा नामित किये जायेगें।

(5) राज्य सरकार, बोर्ड के सदस्यों को नामित करते समय, इस बात को ध्यान में रखेगी कि उपनियम (2) के अधीन स्वतन्त्र सदस्य, बोर्ड के कुल सदस्यों के एक तिहाई से अधिक नही होंगें और बोर्ड के सदस्यों में से एक तिहाई महिलाएं होंगी।

(6) सलाहकार बोर्ड और समितियाँ:–

सलाहकार समितियों एवं उप समितियों का गठन इत्यादि में ऐसे व्यक्ति नामनिर्देशित किये जाएंगे जोकि अधिसूचित नियोजनों के नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिनकी संख्या बराबर होगी एवं 6 से अधिक नहीं होगी। समितियों एवं उप समितियों में स्वतन्त्र व्यक्ति भी नामनिर्देशित किये जाएंगे जिनकी संख्या कुल सदस्यों की संख्या के एक तिहाई से अधिक नही होगी। समितियों अथवा उप समितियों का अध्यक्ष श्रम आयुक्त के पद से निम्न का न होगा।

अध्यक्ष के कार्य

22. अध्यक्षः—

(i) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, किन्तु किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, सदस्य अपने बीच में से बहुमत से एक अध्यक्ष का चुनाव करेंगें, जो उस बैठक की अध्यक्षता करेगा;

(ii) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का निर्धारण करेंगे;

(iii) जब बोर्ड की बैठक में, यदि कोई मुद्दा मतदान द्वारा निर्णित किया जाना है, तो बैठक में गुप्त मतदान कराएगें तथा मत गणना करेंगे अथवा कराएंगे।

बोर्ड की बैठक

23. अध्यक्ष, नियम 22 के उपबंधों के अध्यधीन, किसी भी समय जब वह उचित समझे, बोर्ड की बैठक बुला सकता हैः

परन्तु यह कि न्यूनतम आधे सदस्यों से लिखित में अनुरोध प्राप्त होने पर, अध्यक्ष ऐसा अनुरोध प्राप्त होने की तारीख के 15 (पन्द्रह) दिन के भीतर प्रत्येक सदस्य को सूचना देगा।

बैठक का नोटिस

24. अध्यक्ष प्रत्येक बैठक की तारीख, समय एवं स्थान का निर्धारण करेंगे तथा उक्त विवरण को शामिल करते हुए बैठक की कार्यसूची के साथ लिखित नोटिस ऐसी बैठक की निर्धारित तारीख से कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व पंजीकृत डाक एवं इलैक्ट्रोनिक ढंग से प्रत्येक सदस्य को भेजा जाएगाः

परन्तु यह कि आकस्मिक बैठक के मामले में प्रत्येक सदस्य को केवल 7 (सात) दिन का नोटिस भी दिया जा सकता है।

गणपूर्ति

25. किसी बैठक में कोई कार्य नही किया जाएगा तब तक कि न्यूनतम एक तिहाई सदस्य तथा नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों में से प्रत्येक का न्यूनतम एक–एक प्रतिनिधि उपस्थित न होः

परन्तु यह कि, यदि किसी बैठक में एक तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हैं तो अध्यक्ष मूल बैठक की

तारीख से अधिकतम 7 दिन के लिए बैठक स्थगित कर सकते हैं तथा ऐसी स्थगित बैठक में किए गये कार्य वैध होंगे भले ही उपस्थित सदस्यों की संख्या कुछ भी हो:

परन्तु यह और कि ऐसी स्थगित बैठक की तारीख एवं समय सभी सदस्यों को इलैक्ट्रानिक ढंग से अथवा पंजीकृत डाक से सूचित किया जाएगा।

बोर्ड के कार्य का निपटान

26. बोर्ड के सभी कार्यों पर बोर्ड की बैठक में विचार किया जाएगा तथा उपस्थित सदस्यों तथा मतदान करने वालो के बहुमत से निर्णय लिया जाएगा तथा बराबर मत होने की स्थिति में अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा:

परन्तु यह कि अध्यक्ष, यदि उचित समझे, तो निर्देश दे सकते हैं कि किसी मामले के सम्बन्ध में निर्णय आवश्यक दस्तावेजों के परिचालन तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करने के बाद किया जाएगा:

परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परंतुक के अंतर्गत किसी मामले में कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा जब तक कि न्यूनतम दो तिहाई सदस्य इसका समर्थन न करें।

बोर्ड के अतिरिक्त कार्य

27. धारा 42 की उपधारा (4) में बोर्ड के निर्धारित कार्यों के अतिरिक्त ऐसे अन्य मामलों पर भी, जो राज्य सरकार द्वारा राज्य सलाहकार बोर्ड को निर्दिष्ट किया जाए, बोर्ड राज्य सरकार को सलाह देगा।

मतदान की रीति

28. बोर्ड में मतदान सामान्यतः हाथ उठाकर किया जाएगा:

परन्तु यदि कोई सदस्य बैलेट द्वारा मतदान की मांग करता है अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा निर्णय लेते हैं, तो मतदान गुप्त बैलेट द्वारा अथवा अध्यक्ष द्वारा यथा निर्धारित ढंग से कराया जाएगा।

बैठकों की कार्यवाहियां

29. (1) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियां, जिनमें अन्य बातों के साथ साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुए, बैठक के तुरन्त बाद हर स्थिति में अगली बैठक से सात दिन पहले प्रत्येक सदस्य तथा राज्य सरकार को अग्रसारित की जाएगी।

(2) बोर्ड की प्रत्येक बैठकों की कार्यवाहियों की अगली

बैठक में आवश्यक समझे जाने वाले संशोधनों, यदि कोई हो, के साथ पुष्टि की जाएगी।

साक्षियों को बुलाना एवं दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण

30. (1) अध्यक्ष, अपने कर्तव्य के निवर्हन के दौरान यदि अपेक्षित हो तो किसी व्यक्ति को साक्षी के रुप में प्रस्तुत होने तथा कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बुला सकता है।

(2) प्रत्येक व्यक्ति जिसे बुलाया जाता है तथा जो बोर्ड के समय साक्षी के रुप में प्रस्तुत होता है, वह अपने द्वारा किए गए खर्च के लिए सिविल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होन वाले साक्षियों को देय भत्ते के भुगतान के लिए उस समय प्रवृत्त मानक के अनुसार उनके द्वारा किये गये खर्चें के लिए भत्ते पाने का हकदार होगा।

समितियों की नियुक्ति

31. राज्य सरकार धारा 8 की उपधारा (1) के खंड (क) के अन्तर्गत उस खंड में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए जितनी यह आवश्यक समझे, उतनी समितियां गठित कर सकती है, जो श्रम आयुक्त की श्रेणी से अन्यून की अध्यक्षता में कार्य सम्पादन करेगी।

बोर्ड, समितियों व उप समितियों के सदस्यों का कार्यकाल

32. (1) प्रत्येक गैर सरकारी अथवा पदेन सदस्य में हर एक सदस्य का कार्यकाल, यथास्थिति धारा 42 की उपधारा (1) के अधीन उसकी नियुक्ति अथवा नामांकन, जो भी मामला हो, की तारीख से दो वर्ष का होगाः

परन्तु यह कि ऐसे सदस्य, दो वर्ष की अवधि की समाप्ति होने के बावजूद राज्य सरकार की अनुमति से अपने पद पर बने रहेंगे।

(2) बोर्ड के सदस्यों में आकस्मिक रिक्ति उत्पन्न होने पर किसी अन्य व्यक्ति को नामनिर्देशित किये जाना है, तो वह उस सदस्य के शेष कार्यकाल के लिए पद पर बना रहेगा, जिसके स्थान पर उसे नामनिर्देशित किया गया है।

(3) बोर्ड के आधिकारिक सदस्य तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक कि उनका स्थान उनके जैसे अन्य आधिकारिक सदस्यों द्वारा न ले लिया जाए।

(4) उपनियम (1), (2) एवं (3) में किसी बात के होते हुए भी बोर्ड के सदस्य राज्य सरकार की इच्छापर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।

यात्रा भत्ता

33. बोर्ड के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों को अपने कर्तव्यों के संबंध में की गई किसी यात्रा के लिए निम्नवत यात्रा भत्ता (Travel Allowance) देय होगाः–

(1) बोर्ड के किसी सरकारी सदस्य का यात्रा भत्ता (Travel Allowance) सरकारी कर्तव्य पर उसके द्वारा निष्पादित की गयी यात्रा के लिए उस पर लागू नियमों द्वारा शासित किया जायेगा और उसके वेतन का संदाय करने वाले प्राधिकारी द्वारा संदत्त किया जायेगा।

(2) बोर्ड के गैर सरकारी सदस्यों को बोर्ड की बैठकों में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ता (Travel Allowance) ऐसी दरों पर संदत्त किया जायेगा, जो राज्य सरकार में लेवल–10 के अधिकारी को संदेय है, और दैनिक भत्ते की गणना उनके संबंधित स्थानों में राज्य सरकार में लेवल–10 के अधिकारी को लागू दर पर की जायेगी।

अधिकारी एवं कर्मचारीगण

34. श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा बोर्ड के पदेन सचिव के रूप में कार्य किया जाएगा एवं श्रम आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों द्वारा बोर्ड को आवश्यक कार्यकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

बोर्ड के सदस्यों के पुनर्नामांकन हेतु पात्रता

35. एक निवर्तमान सदस्य बोर्ड की सदस्यता के लिए पुनर्नामांकन हेतु पात्र होगा।

बोर्ड के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का त्यागपत्र

36. (1) अध्यक्ष के अतिरिक्त, बोर्ड का सदस्य, अध्यक्ष को लिखित में नोटिस देकर अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकता है तथा अध्यक्ष राज्य सरकार को लिखित सूचना देकर त्यागपत्र दे सकते हैं।

(2) त्यागपत्र, इसकी स्वीकृति की सूचना की तारीख अथवा त्यागपत्र की तारीख के 30 दिन की समाप्ति जो भी पहले हो, से प्रभावी होगा।

(3) जब बोर्ड की सदस्यता में कोई रिक्ति उत्पन्न होती है अथवा होने की संभावना होती है, तो अध्यक्ष तुरंत इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को देगा तथा राज्य सरकार संहिता के उपबंधों के अनुसार रिक्तियों को भरने हेतु उपाय करेगी।

सदस्यता का समाप्त होना

37. यदि बोर्ड का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिए बिना लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित होता है, तो बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा।

अयोग्यता

38. (1) कोई व्यक्ति बोर्ड का सदस्य होने तथा सदस्य के रुप में नाम निर्देशित होने के लिए अयोग्य होगा–

(i) यदि वह विकृतचित्त है और सक्षम न्यायालय की ऐसी घोषणा विद्यमान है; अथवा

(ii) यदि वह अनुन्मोचित दिवालिया है; अथवा

(iii) यदि संहिता के प्रारम्भ होने के पहले अथवा बाद में उसे नैतिक अधमता के अपराध का दोषी पाया गया है।

(2) यदि उपनियम (1) के अधीन अयोग्यता के संबंध में कोई प्रश्न उत्पन्न होता है, तो इस पर राज्य सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

गलतियों का शुद्ध किया जाना

39. (1) राज्य सरकार द्वारा इस नियमावली के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दरों को नियम या पुनरीक्षित करने वाले आदेश में की लेखन या गणित सम्बन्धी भूलों को या किसी आकस्मिक भूल या लोप में उसमें हुई गलतियों को शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, किसी भी समय शुद्ध कर सकेगी;

(2) ऐसी हर अधिसूचना निकाले जाने के पश्चात् यथाशीध्र सलाहकार बोर्ड के समक्ष जानकारी के लिए रख दी जाएगी।

अध्याय–5

बकायों, दावों इत्यादि का भुगतान

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन भुगतान

40. (1) (क) प्रत्येक कर्मचारी भुगतान से पहले प्रपत्र II में घोषणा करेगा, जिसमें किसी व्यक्ति को नामित किया जाएगा जिसे यह अधिकार दिया जाएगा कि उस कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में उसकी जमा पूंजी उसे देय होगी।

(ख) यदि नामित करते समय कर्मचारी का अपना परिवार है तो यह नामांकन उसके पति/पत्नी अथवा उसके परिवार के एक या उसके अधिक सदस्यों के साथ उसकी पति/पत्नी के पक्ष में किया जाएगाः

परन्तु यह कि अपने परिवार के सदस्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में परिवार रखने वाले कर्मचारी द्वारा किया गया नामांकन अमान्य होगाः

परन्तु यह और कि कर्मचारी द्वारा विवाह के बाद अपने पति/पत्नी के लिए नया नामांकन किया जाएगा और ऐसे विवाह से पहले किए गए किसी नामांकन को अमान्य समझाा जाएगा।

(ग) जिन मामलों में नामांकन किसी अवयस्क के पक्ष में पूर्णतः या अंशतः किया जाता है उसमें कर्मचारी अपने परिवार के किसी व्यस्क व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है जो उस अवयस्क नामिति का अभिभावक होगा अथवा जहां परिवार में कोई व्यस्क व्यक्ति नहीं है, तो वह अपने विवेकानुसार किसी अन्य व्यक्ति को अवयस्क नामिति का अभिभावक नियुक्त कर सकता है।

(घ) यदि कर्मचारी एक से अधिक सदस्य को नामित करता है तो वह नामांकन में अपने विवेकानुसार प्रत्येक नामित व्यक्तियों को देय राशि अथवा हिस्से का उल्लेख करेगा ताकि उसकी संपूर्ण जमापूंजी की राशि का भुगतान किया जा सके।

(2) जब संहिता के अधीन कर्मचारी को देय कोई धनराशि उसकी मृत्यु अथवा उसका निवास पता न होने के कारण उसको देनी बकाया है, तथा इस धनराशि के कर्मचारी को देय होने की तारीख से तीन माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामांकिती को यह धनराशि भुगतान नहीं की जा सकी, तो नियोक्ता द्वारा यह धनराशि क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रम आयुक्त यां उच्च अधिकारी के पास जमा की जाएगी, जो कर्मचारी द्वारा नाम निर्देशित व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के बाद, राशि जमा होने के दो माह के भीतर उसका भुगतान करेगा।

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित बकाया जमा करना

41. (1) जहां इस संहिता के अधीन किसी कर्मचारी को देय कोई धनराशि कर्मचारी द्वारा नांमाकन नहीं करने के कारण अथवा अन्य किसी कारण से असंवितरित रह जाती है, तथा इस धनराशि के देय होने की तारीख से छह माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामांकिती को इस धनराशि का भुगतान नहीं किया जा सका, तो नियोक्ता द्वारा ऐसी सम्पूर्ण धनराशि छह माह की उक्त अवधि के अंतिम दिन से पन्द्रह दिन की समाप्ति से पूर्व उस क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रम आयुक्त या उच्च अधिकारी के पास जमा की जाएगी। इस प्रयोजनार्थ पृथक से एक बैंक खाता खोला जाएगा और उसमें संबंधित धनराशि जमा की जाएगी तथा क्षेत्राधिकार रखने वाले प्राधिकारी द्वारा इसका रिकार्ड भी रखा जाएगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट धनराशि नियोक्ता द्वारा उस क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रमायुक्त या उच्च अधिकारी के पास बैंक अंतरण के माध्यम से अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक से ऐसे सहायक श्रमायुक्त अथवा उप श्रम आयुक्त के पक्ष में जारी रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जाएगी।

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित देयों के निपटान का तरीका

42. (1) नियम 41 के उपनियम (1) में निर्दिष्ट धनराशि (इसके पश्चात इस नियम में धनराशि के रुप में संदर्भित) सम्बन्धित क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रमायुक्त या उच्च अधिकारी के पास जमा की जायेगी तथा वह उसे राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करेगा अथवा किसी अनुसूचित बैंक में सावधि जमा के रुप में रखेगा।

(2) सम्बन्धित क्षेत्राधिकार के सहायक श्रम आयुक्त या उच्च अधिकारी यथाशीघ्र धनराशि से संबंधित विवरणों के साथ, जिसे सूचनार्थ सहायक श्रम आयुक्त या उच्च अधिकारी उचित समझे, नोटिस बोर्ड पर न्यूनतम पन्द्रह दिन के लिए नोटिस प्रदर्शित करेगा। तत्पश्चात संबंधित कर्मकार के परिवार या आश्रितों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र या पारिवार सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। मृतक कार्मिक के वारिसों एवं अनापत्ति के आधार पर किसी एक या अधिक को संबंधित देय का भुगतान किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में विधि अनुसार क्लेम जिसे देय हो उसे/घोषित उत्तराधिकारी को संबंधित भुगतान देय होगा।

(3) यदि यह संवितरित धनराशि सात वर्ष में लिए अदावाकृत रहती है, तो इसका निपटान इस सम्बन्ध में समय समय पर राज्य सरकार द्वारा यथा–निर्देशित ढंग से किया जाएगा।

अध्याय–6

प्रपत्र, रजिस्टर एवं वेतन पर्ची

एकल आवेदन का प्रपत्र

43. (1) धारा 45 की उपधारा (5) के अंतर्गत प्रपत्र–III में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ इस प्रपत्र में एकल आवेदन मैनुअल अथवा इलैक्ट्रॉनिक रूप से दायर किया जा सकता है।

(2) यदि धारा 45 की उपधारा (5) के अन्तर्गत किए गए आवेदन पर विचार किया जाता है तो प्राधिकारी नियोक्ता को प्रपत्र IV में इलैक्ट्रॉनिक रूप से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजेगा कि वह इस नोटिस में निर्धारित तारीख को सभी संबंधित दस्तावेजों और साक्षी यदि कोई हों, के साथ उसके समक्ष उपस्थित हो और निर्धारित की गई तारीख की सूचना आवेदक को देगा।

(3) यदि नियोक्ता अथवा उसका प्रतिनिधि निर्धारित तारीख को उपस्थित नहीं होता है तो प्राधिकारी आवेदन पर सुनवाई करेगा और उस पर एक पक्षीय निर्णय देगा।

(4) यदि आवेदक अथवा उसका प्रतिनिधि अग्रिम रूप से कोई तर्क संगत कारण दिए बिना निर्धारित तारीख को उपस्थित नहीं होता हैं तो प्राधिकारी आवेदन पर सुनवाई करेगा और उस पर एक पक्ष पक्षीय निर्णय देगा।

अपील

44. (1) धारा 45 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से पीड़ित कोई भी व्यक्ति धारा 49 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रपत्र–V में अपीलकर्ता द्वारा वर्णित दस्तावेजों के साथ इस प्रपत्र में संबंधित क्षेत्राधिकार वाले अपीलीय प्राधिकारी को इलेक्ट्रोनिक रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा अपील कर सकता है:

परन्तु यह कि किसी नियोक्ता द्वारा की गई कोई अपील को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक, अपील करते समय अपीलकर्ता अपीलीय अधिकारी के पास दावा की गई राशि जमा नहीं करता है।

(2) यदि धारा 49 की उपधारा (1) के अंतर्गत किसी अपील पर विचार किया जाता है तो अपीलीय अधिकारी प्रतिवादी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रपत्र–IV में नोटिस देगा कि वह उसके समक्ष नोटिस में निर्धारित तारीख को उपस्थित हो और इस प्रकार निर्धारित तारीख के संबंध में अपीलकर्ता को सूचित करेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकारी अपीलकर्ता और प्रतिवादी के साथ सुनवाई करने के बाद आदेश द्वारा अपील पर निर्णय लेगा।

रजिस्टर इत्यादि का प्रपत्र

45. (1) धारा 19 की उपधारा (8) में निर्दिष्ट सभी जुर्माने एवं उनकी वसूलियों का विवरण इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र–I के रुप में नियोक्ता द्वारा रखे जाने वाले पंजिका में इलैक्ट्रॉनिक ढंग में अथवा अन्यथा रखा जाएगा तथा उक्त उपधारा (8) में संदर्भित प्राधिकारी उस क्षेत्र के सहायक श्रम आयुक्त एव उच्च अधिकारी होंगे।

(2) धारा 21 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट सभी कटौतियों एवं वसूलियों का विवरण इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र–I (नियोक्ता द्वारा) रखे जाने वाले पंजिका में इलैक्ट्रॉनिक ढंग से अथवा अन्यथा रखा जाएगा।

(3) किसी भी स्थापन का प्रत्येक नियोक्ता जिस पर यह संहिता लागू होती है, वह धारा 50 की उपधारा (1) के अधीन प्रपत्र–I तथा प्रपत्र–VI में इलैक्ट्रॉनिक अथवा अन्य किसी रूप में पंजिका रखेगा।

वेतन पर्ची

46. प्रत्येक नियोक्ता वेतन के भुगतान के समय अथवा उससे पहले धारा 50 की उपधारा (3) के अन्तर्गत प्रपत्र–VII में अपने कर्मचारियों को इलैक्ट्रॉनिक अथवा अन्यथा ढंग से वेतन पर्ची जारी करेगा।

धारा 53 की उपधारा (1) के अधीन जांच अधिकारी की नियुक्ति

47. राज्य सरकार द्वारा जांच अधिकारी की नियुक्ति पृथक से आदेश द्वारा की जायेगी।

धारा 56 की उपधारा (1) एवं उपधारा (4) के अधीन शास्ति के अधिरोपण एवं अपराध के शमन की रीति

48. (1) कोई दोषी व्यक्ति यदि धारा 56 की उपधारा (1) के अधीन अपराध का शमन चाहता है, तो वह उक्त उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित अधिकारी को प्रपत्र–VIII में इलेक्ट्रॉनिक ढंग से अथवा अन्यथा आवेदन कर सकता है।

(2) उपनियम (1) में अधिसूचित अधिकारी ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर यह सुनिश्चित करेगा कि यह अपराध संहिता के अधीन शमन योग्य है या नहीं और यदि अपराध शमन योग्य है तो संहिता के अधीन ऐसे अपराध के लिए उपबंधित अधिकतम जुर्माने की पचास प्रतिशत धनराशि तक शमन किया जा सकेगा। अधिसूचित अधिकारी अपराध के शमन हेतु किये गये आवेदन की जांच भी कर/करा सकता है।

अध्याय–7

विविध

निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता द्वारा निर्वहन की जाने वाली अन्य शक्तियां

49. धारा 51 में यथानिर्दिष्ट प्रदत्त शक्तियों के साथ–साथ निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों या दिशा–निर्देशों के अधीन रहते हुए नियोक्ताओं और कर्मकारों को संहिता के उपबंधों का अनुपालन करने संबंधी सलाह देगा और राज्य सरकार द्वारा यथा समनुदेशित स्थापनों का निरीक्षण करेगा।

वेतन का भुगतान

50. जहां कर्मचारी किसी प्रतिष्ठान में ठेकेदार के माध्यम से नियोजित है, वहां, वह कम्पनी अथवा फर्म अथवा संघ अथवा कोई अन्य व्यक्ति जो उस प्रतिष्ठान का मालिक है, ठेकेदार को संहिता के प्रावधानों के अनुसार कर्मचारियों के वेतन के संबंध में उसे देय राशि का भुगतान करेगा।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनार्थ शब्द "फर्म" का वही अर्थ होगा जो इसका अर्थ भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में है।

श्रमजीवी पत्रकारों के लिए तकनीकी समिति

51. राज्य सरकार, उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 (2020 का 37) की धारा 2 के खण्ड (यमड) में यथा परिभाषित स्वास्थ्य और कार्य श्रमजीवी पत्रकारों के लिए संहिता के अंतर्गत न्यूनतम वेतन का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ ऐसे निर्धारण के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करने हेतु धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अंतर्गत एक तकनीकी सलाहकार समिति गठित कर सकती है।

न्यूनतम बोनस के भुगतान हेतु उत्तरदायित्व

52. जहां किसी प्रतिष्ठान में, कर्मचारी ठेकेदार के माध्यम से नियोजित किए जाते हैं तथा ठेकेदार धारा 26 के अंतर्गत उनको न्यूनतम बोनस का भुगतान करने में असफल हो जाता है, वहा, कंपनी अथवा फर्म अथवा संघ अथवा धारा 43 के परन्तुक में यथा संदर्भित अन्य कोई व्यक्ति, कर्मचारियों अथवा किसी पंजीकृत श्रमिक संघ अथवा संघो जिनके कर्मचारी सदस्य है, द्वारा ऐसी असफलता की लिखित सूचना दिए जाने पर तथा इसकी पुष्टि करने पर कर्मचारियों को इस न्यूनतम बोनस का भुगतान करेगा।

वार्षिक विवरणी

53. उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 (2020 का 37) के अंतर्गत बनाए गए नियमों में किसी प्रतिष्ठान, जिस पर यह संहिता लागू होती है, के प्रत्येक नियोक्ता द्वारा ऐसे प्रयोजनों के लिए निर्धारित प्रपत्र के संबंधित कॉलमों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से विवरणी दाखिल की जाएगी। ऐसी विवरणी की एक प्रति श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से अग्रेषित की जाएगीः

परन्तु यह कि उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020 के अन्तर्गत वार्षिक विवरणी दाखिल किये जाने की स्थिति में पृथक से किसी अन्य श्रम संहिताओं के अन्तर्गत वार्षिक विवरणी दाखिल किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना

54. इस नियमावली को उनके अंतिम अधिसूचना की तारीख से एक महीने के भीतर श्रम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

निरसन एवं व्यावृत्ति

55. (1) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश) वेतन संदाय नियमावली, 1936 एवं उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश) न्यूनतम वेतन नियमावली, 1952 इस नियमावली के अंतिम अधिसूचना की दिनांक से निरस्त मानी जाएगी।

(2) उपनियम (1) के अधीन इस तरह के निरसन के होते हुए भी इस प्रकार निरसित नियमावलियों के अधीन की गयी कोई बात या की गयी कोई कार्रवाई, जिसके अन्तर्गत उनके अधीन कोई अधिसूचना, नामनिर्देशन, नियुक्ति, आदेश या निदेश या किसी प्रयोजन के लिए ऐसी नियमावलियों के किसी उपबंध के अधीन उपबन्धित मजदूरी की राशि सम्मिलित है, को ऐसे प्रयोजन के लिए इस नियम के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया या की गई या उपबंधित समझा जाएगा और और वह उस सीमा तक जिस तक वह इस नियम के उपबंधों के प्रतिकूल नहीं है, इस नियम के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन या राज्य सरकार की उस प्रभाव की अधिसूचना द्वारा निरसित किये जाने तक प्रवृत्त रहेगी।

(3) उपनियम (2) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) की धारा 6 के प्रावधान ऐसी नियमावलियों के निरसन पर लागू होंगी।

आज्ञा से,

डॉ0 श्रीधर बाबू अद्दांकी,
सचिव।

प्रपत्र 'क'
मजदूरी संहिता की धारा 19 (2) के अधीन नोटिस
नियम 15 देखें

.....स्थापन का पूर्ण पता एवं नाम

.....कर्मचारी का पदनाम एवं कर्मचारी कोड सहित नाम

मजदूरी संहिता 2019 की धारा 19 (1) के अधीन
कार्य और चूक सम्बन्धी विवरण

1. .....
2.
3.
4.
5.

दिनांकः

नियोक्ता/नियोक्ता के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

प्रतिलिपि :

(1) सम्बन्धित क्षेत्र के निरीक्षक–सह–सुकरकर्ता।
(2) मजदूरी संहिता की धारा 19 (1) के अधीन प्राधिकारी।

प्रपत्र–I

(नियम 19 तथा नियम 45 देखें)

वेतन, अग्रिम वसूली, अतिकाल, जुर्माना, नुकसान और क्षति के लिए कटौती सम्बन्धी पंजिका

स्थापन का नाम :

स्वामी का नामः

श्रम पहचान संख्या (एलआईएम)

नियोक्ता का नाम

नियोक्ता पैन/टैन

कर्मचारी पंजिका में क्रम संख्या	कर्मचारी का नाम	पदनाम /विभाग	वेतन में भुगतान की अवधि (मासिक/पाक्षिक/साप्ताहिक/दैनिक/खंड में रेटेड)	वेतन की अवधि से–तक	अवधि के दौरान कार्य किए गए दिवसों की कुल संख्या	कुल ओवर टाइम (काम किए गए घंटे अथवा खंड कामगारों के मामले में उत्पादन)	वेतन की दरें		
							मूल वेतन	डीए	भत्ते
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

ओवर टाइम से आय	कृत्यों एवं चूक की प्रकृति जिसके लिए जुर्माना लगाया गया का तारीख के साथ विवरण	लगाए गए जुर्माने की राशि	कर्मचारी की लापरवाही अथवा चूक से नियोक्ता को होने वाली क्षति अथवा नुकसान	वेतन से कटौती की राशि	भुगतान किए गए वेतन की कुल राशि	भुगतान की तारीख	उपस्थिति	
							तरीख	हस्ताक्षर
11	12	13	14	15	16	17	18	19

प्रपत्र–II
(नियम 40 देखे)
नामांकन प्ररूप

1. नामांकन करने वाले व्यक्ति का नाम :
(बड़े अक्षरी में)
2. पिता/पति/पत्नी का नाम :
3. जन्म तारीख :
4. लिंग :
5. वैवाहिक स्थिति :
6. पता :
स्थाई :
अस्थाई :

मैं मेरी मृत्यु होनें पर नियोक्ता से मुझे देय किसी रकम को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों को एतद्द द्वारा नामित करता करती हूं/पूर्व में मेरे द्वारा किए गए नामांकन को रदद करती हूं तथा निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों को एतद्द्वारा नामित करता/करती हूँ।

नामिति/ नामितियों के नाम	पता	नामिति का कर्मचारी के साथ संबंध	जन्म तारीख	जमा संचयी रकम के अंश की कुल रकम जो प्रत्येक नामिति को भुगतान की जाए	यदि नामिति नाबालिग है तो संरक्षक का नाम, संबंध तथा पता जो नामिति के नाबालिग रहने के दौरान रकम प्राप्त करें
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

1. प्रमाणित करता हूँ कि मेरा कोई परिवार नहीं है तथा यदि इसके बाद यदि मेरा परिवार होता है तो उपर्युक्त नामांकन को रद्द माना जाए।
2. प्रमाणित किया जाता है कि मेरे पिता/माता मुझ पर आश्रित हैं।
3. जो लागू न हो उसे काट दिया जाए।

कर्मचारी के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान

नियोक्ता द्वारा प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे स्थापन में नियोजित श्री/श्रीमती/कुमारी---------द्वारा प्रविष्टि/प्रविष्टियों को पढ़कर या मेरे द्वारा उसके समक्ष पढ़ने के पश्चात तथा दोनों मामलों में उसके द्वारा पुष्टि किए जाने पर उसने उपर्युक्त घोषणा और नामांकन पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किए गए है/अंगूठा निशान लगाया गया है।

नियोक्ता या स्थापन के अन्य प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम
स्थान
तारीखः

कारखाने/स्थापन का नाम, पता तथा रबर मुहर

प्रपत्र–III

नियम 43 देखें

(धारा 45 की उपधारा (5) के अधीन एकल आवेदन
मजदूरी संहिता 2019 (2019 का 29) की धारा 45 की उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकारी के समक्ष
..... के लिए क्षेत्र.....

आवेदन संख्या ..... 20.....का
क, ख, ग (संख्या का उल्लेख करें) और.....अन्य.....आवेदक
(सम्बन्धित कर्मचारियों अथवा रजिस्ट्रीकृत व्यापार अथवा निरीक्षक सह–सुकरकर्ता के माध्यम से)
पता .....
और
.....क्ष, त्र, ज्ञ
पता.....
के बीच
इस आवेदन में निम्नलिखित का उल्लेख किया गया है:

(1) आवेदक जिनका (जिनके) नाम संलग्न अनुसूची में दिए गए है, ...में शामिल (कार्य की प्रकृति, जो मजदूरी संहिता 2019 द्वारा आच्छादित होती है/हैं।) श्री/मैसर्स.....के.....(स्थापन) में.....से.....तक ..... (श्रेणी) के रुप में नियुक्त किया गया था/है।

(2) प्रतिवादी मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 2 (ठ) के अधीन नियोक्ता है/हैं।

(3) (क) आवेदक (आवेदको) को.....से .....तक की अवधि के लिए .....रूपये प्रतिदिन के हिसाब से इस संहिता के अधीन कर्मचारी (कर्मचारियों) की उनकी श्रेणी (यों) के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन की दरों से कम वेतन का भुगतान किया गया है।

(ख) आवेदक (आवेदको) को.....से.....तक विश्राम के साप्ताहिक दिनों के लिए .....रूपये प्रतिदिन के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

(ग) आवेदक (आवेदको) को .....से .....तक की अवधि के लिए अतिरेक दर (दरों) पर वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

(घ) आवेदक (आवेदको) को .....से.....तक की अवधि के लिए वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।

(ड.) आवेदक (आवेदको) के वेतन (नों) से जो कटौती की गई है वह इस संहिता का उल्लंधन है। कटौती का ब्यौरा जिसका ब्यौरा इस आवेदन के साथ संलग्न अनुबन्ध में दर्शाया गया है।

(च) आवेदक (आवेदको) को लेखा वर्ष ..... के लिए न्यूनतम बोनस का भुगतान नहीं किया गया है।

(4) आवेदक प्रत्येक धनराशि पर स्वयं द्वारा मांगी गई राहत का मूल्य निम्नानुसार आंकलित करता/करते हैं:–

(क) .....रूपये।
(ख) .....रूपये।
(ग) .....रूपये।

कुल .....रूपयें।

(5) अतः आवेदक अनुरोध करता है/करतें हैं कि मजदूरी संहिता, 2019 की धारा 45 (2) अधीन निम्नलिखित के लिए निर्देश जारी किया जाए;

(क) संहिता के अधीन देय वेतन और वास्तव में भुगतान किए गए वेतन के बीच के अन्तर का भुगतान।
(ख) विश्राम के दिवसों के लिए प्रतिपूर्ति का भुगतान।
(ग) अतिकाल दरों पर वेतन का भुगतान।
(घ) .....रूपये का मुआवजा।

आवेदक एतद्द्वारा यह घोषणा करता है/करते हैं कि इस आवेदन में उल्लिखित तथ्य उनकी अधिकतम जानकारी विश्वास और सूचना के अनुसार सत्य है।
दिनांक..... ।

नियुक्त किए गए व्यक्ति (यों) अथवा किसी पंजीकृत ट्रेड
यूनियन द्वारा विधिवत प्राधिकृत किसी अधिकारी अथवा
निरीक्षक सह सुकरकर्ता के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान

टिप्पणी:–आवेदक यदि आवश्यक हो तो इस आवेदन के साथ ब्यूरों से सम्बन्धित अनुबन्ध संलग्न कर सकता है/सकते हैं।

प्रपत्र IV

(देखें नियम 43 और नियम 44)

(क) धारा 45 की उपधारा (5) के अधीन प्राधिकारी द्वारा उत्तरदाता को जारी किए जाने वाले नोटिस का प्रारूप

(आवेदन का शीर्षक)

सेवा में

नाम

पता

